भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
उच्चतर शिक्षा विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-1493**
उत्तर देने की तारीख-09/02/2026

## आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री विद्या लक्ष्मी योजना का कार्यान्वयन

†1493. **श्री जी. लक्ष्मीनारायण:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना के प्रारंभ से लेकर अब तक विभिन्न राज्यों में शिक्षा ऋण और ब्याज सहायता का लाभ प्राप्त करने वाले छात्रों की वर्ष-वार और राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है और इस संबंध में अनंतपुर सहित आंध्र प्रदेश राज्य का जिला-वार, श्रेणी-वार और लिंग-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) वर्तमान और विगत वित्तीय वर्षों के दौरान इस योजना के अंतर्गत संस्वीकृत, जारी की गई और उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है और अनंतपुर सहित आन्ध्र प्रदेश का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार विगत पांच वर्षों के दौरान एनपीए के रूप में वर्गीकृत सरकारी क्षेत्र के बैंकों के शिक्षा ऋणों का केन्द्रीकृत रिकार्ड रखती है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) विद्या लक्ष्मी पोर्टल पर आंध्र प्रदेश राज्य सहित राज्य-वार कितनी शिकायतें दर्ज की गई हैं, समाधान की गई हैं और कितनी शिकायतें लंबित हैं और इनके लंबित रहने के क्या कारण हैं; और
(ङ) क्या बैंक विद्यालक्ष्मी पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया की समय-सीमा को पूरा कर रहे हैं, और यदि नहीं, तो इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

**(क) से (ङ):** शिक्षा समवर्ती सूची में है और इसमें संशोधन के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकारें दोनों सहयोग से कार्य करती हैं। भारत सरकार ने नवंबर 2024 में पीएम-विद्यालक्ष्मी नामक केंद्र प्रायोजित योजना आरंभ किया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी छात्र वित्तीय समस्याओं के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसर से वंचित न रहे। इस स्कीम के तहत, उन सभी विद्यार्थियों को संपाशर्षिक मुक्त और गारंटर मुक्त के शिक्षा ऋण दिया जाता है, जिन्हें उच्च गुणवत्ता वाले उच्चतर शिक्षा संस्थान

(क्यूएचईआईएस) में मेरिट के आधार पर प्रवेश मिलता है और जो शिक्षा ऋण लेना चाहते हैं, और जिसकी अधिकतम सीमा नहीं है। इसके अलावा, जिन विद्यार्थियों की वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपये तक है, उनके लिए यह योजना 10 लाख रुपये तक के ऋण पर 3% ब्याज अनुदान देती है। एक लाख तक नए विद्यार्थी जिन्हें कोई दूसरी छात्रवृत्ति या शिक्षा ऋण पर ब्याज अनुदान नहीं मिल रहा है, उन्हें यह ब्याज अनुदान मिलेगा। वर्ष 2024-25 से 2030-31 तक की अवधि के दौरान 7 लाख तक नए विद्यार्थियों को 3% ब्याज अनुदान का लाभ देने के लिए 3,600 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। एक समर्पित ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, पीएम विद्यालक्ष्मी पोर्टल https://pmvidyalaxmi.co.in बनाया गया है, जिस पर विद्यार्थी सभी बैंकों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली एक सहज आवेदन प्रक्रिया के ज़रिए शिक्षा ऋण के साथ-साथ ब्याज अनुदान के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। यह पोर्टल दिनांक 25 फरवरी 2025 से कार्य करना शुरू कर दिया गया है।

दिनांक 25 फरवरी, 2025 को पोर्टल लॉन्च होने के बाद से राज्य-वार जानकारी, साथ ही आंध्र प्रदेश राज्य के लिए जिले-वार, कैटेगरी-वार और लिंग-वार विवरण, जिसमें शिक्षा ऋण लेने वाले छात्रों की संख्या, पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत स्वीकृत और वितरित शिक्षा ऋण राशि से संबंधित जानकारी अनुलग्नक-I के रूप में https://www.education.gov.in/en/parl_ques पर उपलब्ध है।

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफ़एस) के माध्यम भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त पिछले पांच वर्षों के दौरान एनपीए के रूप में वर्गीकृत किए गए सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के शिक्षा ऋण से संबंधित बैंक-वार और वर्ष-वार सूचना, अनुलग्नक-II के https://www.education.gov.in/en/parl_ques पर उपलब्ध है।

आंध्र प्रदेश राज्य सहित, पीएम विद्यालक्ष्मी पोर्टल पर दर्ज, समाधान किए गए और लंबित शिकायतों की राज्य-वार जानकारी, अनुलग्नक-III के रूप में https://www.education.gov.in/en/parl_ques पर उपलब्ध है।

उच्चतर शिक्षा विभाग (डीएचई) ने भारतीय बैंक संघ (आईबीए) से कहा था कि यह था कि वह बैंको को 10 दिनों के भीतर पीएम विद्यालक्ष्मी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को निपटान सुनिश्चित करें और निर्देश दें।

उच्चतर शिक्षा विभाग (डीएचई) और वित्तीय सेवा विभाग (डीएफ़एस) भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और बैंकों के साथ मिलकर नियमित आधार पर शिक्षा ऋण, प्रसंस्करण और संवितरण की प्रगति की निगरानी करते हैं। इसके अलावा, डीएचई, डीएफ़एस के साथ मिलकर नियमित अंतराल पर योजना को सहजता से लागू करने के लिए क्यूएचईआई, बैंकों और आईबीए के साथ बैठकें अठोपित करता है। क्यूएचईआई के विद्यार्थी के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए डीएफ़एस, आईबीए और बैंकों के सहयोग से क्यूएचईआई के साथ मिलकर कार्यशाला भी आयोजित की जाती हैं।

*****

**अनुलग्नक-I**

**“आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री विद्या लक्ष्मी योजना का कार्यान्वयन” के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री जी. लक्ष्मीनारायण द्वारा दिनांक 09.02.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं 1493 के भाग (क) से (ङ) में उल्लिखित अनुलग्नक**

**दिनांक 25.02.2025 से 31.01.2026 तक पीएम विद्यालक्ष्मी योजना का राज्य-वार डेटा**

| क्र.सं. | छात्रों राज्य | स्वीकृत आवेदनों की संख्या | कुल स्वीकृत राशि (करोड़ में) रुपए में | संवितरित आवेदनों की संख्या | सं00वितरित कुल राशि (करोड़ में) रुपए में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 33 | 6.01 | 26 | 1.03 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 5059 | 579.76 | 4405 | 102.93 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 16 | 2.94 | 13 | 0.31 |
| 4 | असम | 789 | 79.96 | 679 | 14.86 |
| 5 | बिहार | 3397 | 397.78 | 2968 | 66.45 |
| 6 | चंडीगढ़ | 134 | 21.63 | 113 | 3.48 |
| 7 | छतीसगढ | 560 | 83.05 | 480 | 14.26 |
| 8 | दिल्ली | 3144 | 455.32 | 2860 | 81.6 |
| 9 | गोवा | 130 | 18.63 | 115 | 4.1 |
| 10 | गुजरात | 1329 | 227.98 | 1208 | 40.19 |
| 11 | हरियाणा | 2259 | 349.79 | 2031 | 57.05 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 517 | 48.32 | 452 | 7.75 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 259 | 27 | 226 | 5.2 |
| 14 | झारखंड | 2065 | 274.36 | 1753 | 44.36 |
| 15 | कर्नाटक | 3077 | 351.44 | 2725 | 78.7 |
| 16 | केरल | 2920 | 328.4 | 2397 | 60.52 |
| 17 | लद्दाख | 4 | 0.62 | 4 | 0.12 |
| 18 | लक्षद्वीप | 1 | 0.04 | 0 | 0 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 2559 | 371.57 | 2330 | 66.18 |
| 20 | महाराष्ट्र | 5193 | 798.1 | 4662 | 148.86 |
| 21 | मणिपुर | 50 | 5.07 | 44 | 0.88 |
| 22 | मेघालय | 83 | 8.88 | 74 | 1.52 |
| 23 | मिजोरम | 16 | 2.44 | 13 | 0.32 |

| क्र.सं. | छात्रों राज्य | स्वीकृत आवेदनों की संख्या | कुल स्वीकृत राशि (करोड़ में) रुपए में | संवितरित आवेदनों की संख्या | सं00वितरित कुल राशि (करोड़ में) रुपए में |
|---|---|---|---|---|---|
| 24 | नागालैंड | 29 | 3.18 | 25 | 0.62 |
| 25 | ओडिशा | 2153 | 251.87 | 1852 | 45.34 |
| 26 | पुदुचेरी | 100 | 10.62 | 89 | 2.4 |
| 27 | पंजाब | 1193 | 175.75 | 1051 | 27.6 |
| 28 | राजस्थान | 2769 | 394.94 | 2462 | 62.6 |
| 29 | सिक्किम | 12 | 2.09 | 9 | 0.82 |
| 30 | तमिलनाडु | 5234 | 523.86 | 4316 | 115.08 |
| 31 | तेलंगाना | 2137 | 306.43 | 1920 | 48.86 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 26 | 3 | 26 | 0.54 |
| 33 | त्रिपुरा | 105 | 9.09 | 83 | 1.7 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 7505 | 909.22 | 6700 | 161.79 |
| 35 | उत्तराखंड | 1021 | 121.9 | 925 | 21.65 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 2000 | 321.77 | 1769 | 56.27 |
| | कुल | **57878** | **7472.81** | **50805** | **1345.94** |

**आंध्र प्रदेश में 25.02.2025 से 31.01.2026 तक पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत जिले-वार प्राप्त ऋण**

| क्र.सं. | विद्यार्थी जिला | मंजूर किए गए आवेदनों की संख्या | कुल स्वीकृत निधियां (रुपए करोड़ में) | संवितरित आवेदनों की संख्या | संवितरित कुल निधियां (रुपए करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्लूरी सीताराम राजू | 356 | 41.59 | 315 | 7.27 |
| 2 | अनकपल्ली | 43 | 3.64 | 36 | 0.59 |
| 3 | अनंतपुर | 193 | 22.84 | 176 | 4.28 |
| 4 | अन्नामय्या | 60 | 5.53 | 53 | 1.03 |
| 5 | बापटला | 33 | 2.87 | 29 | 0.5 |
| 6 | चित्तूर | 276 | 33.89 | 249 | 8.15 |
| 7 | डॉ. बी.आर. अंबेडकर कोनासीमा | 35 | 3.51 | 27 | 0.49 |
| 8 | ईस्ट गोदावरी | 477 | 56.94 | 412 | 9.15 |
| 9 | एलुरु | 45 | 4.55 | 41 | 0.78 |
| 10 | गुंटूर | 538 | 55.03 | 436 | 9.16 |
| 11 | काकीनाडा | 85 | 10.36 | 70 | 1.67 |
| 12 | कृष्ण | 380 | 40.73 | 312 | 6.71 |
| 13 | कुरनूल | 216 | 24.98 | 183 | 4.72 |
| 14 | नांदयाल | 48 | 5.21 | 39 | 0.77 |
| 15 | एनटीआर | 87 | 9.37 | 73 | 1.75 |
| 16 | पालनाडु | 45 | 5.24 | 38 | 0.9 |
| 17 | पार्वतीपुरम मान्यम | 23 | 2.68 | 21 | 0.58 |
| 18 | प्रकाशम | 212 | 25.32 | 186 | 3.84 |
| 19 | एसपीएसआर नेल्लोर | 135 | 12.92 | 120 | 2.52 |
| 20 | श्री सत्य साई | 95 | 9.79 | 78 | 2.01 |
| 21 | श्रीकाकुलम | 255 | 30.3 | 229 | 5.22 |
| 22 | तिरुपति | 113 | 12.43 | 102 | 2.75 |
| 23 | विशाखापत्तनम | 602 | 82.53 | 541 | 14.16 |
| 24 | विजयनगरम | 236 | 28.71 | 210 | 4.45 |
| 25 | पश्चिम गोदावरी | 313 | 32.01 | 282 | 5.85 |
| 26 | वाई.एस.आर. | 158 | 16.79 | 147 | 3.63 |
| | **कुल** | **5059** | **579.76** | **4405** | **102.93** |

आंध्र प्रदेश में 25.02.2025 से 31.01.2026 तक पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत मिले श्रेणी-वार ऋण

| क्र. सं. | विद्यार्थी श्रेणी | मंजूर किए गए आवेदनों की संख्या | कुल संस्वीकृत निधियां (रुपए करोड़ में) | संवितरित आवेदनों की संख्या | संवितरित कुल निधियां (रुपए करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ईडब्ल्यूएस | 856 | 94.61 | 744 | 15.3 |
| 2 | सामान्य | 1461 | 186.82 | 1264 | 37.2 |
| 3 | एनसीओबीसी | 636 | 87.19 | 577 | 13.84 |
| 4 | ओबीसी | 1493 | 144.36 | 1282 | 25.5 |
| 5 | एससी | 477 | 49.41 | 411 | 8.24 |
| 6 | एसटी | 136 | 17.37 | 127 | 2.85 |
| | **कुल** | **5059** | **579.76** | **4405** | **102.93** |

आंध्र प्रदेश में 25.02.2025 से 31.01.2026 तक पीएम विद्यालक्ष्मी योजना के तहत जेंडर-वार मिले ऋण

| क्र. सं. | विद्यार्थी जेंडर | मंजूर किए गए आवेदनों की संख्या | कुल स्वीकृत निधियां (रुपए करोड़ में) | संवितरित आवेदनों की संख्या | संवितरित कुल निधियां (रुपए करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महिला | 1459 | 172.06 | 1256 | 30.43 |
| 2 | पुरुष | 3600 | 407.7 | 3149 | 72.5 |
| | **कुल** | **5059** | **579.76** | **4405** | **102.93** |

**अनुलग्नक-II**

**पिछले पांच वर्षों के दौरान एनपीए के रूप में वर्गीकृत सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के शिक्षा ऋण से संबंधित बैंक-वार और वर्ष-वार जानकारी**

| क्र. सं. | बैंकों के नाम | 2020-2021 | 2021-2022 | 2022-2023 | 2023-2024 | 2024-2025 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बैंक ऑफ बड़ौदा | 142 | 216 | 63 | 98 | 121 |
| 2 | बैंक ऑफ इंडिया | 309 | 297 | 291 | 273 | 233 |
| 3 | बैंक ऑफ महाराष्ट्र | 56 | 23 | 17 | 9 | 3 |
| 4 | केनरा बैंक | 240 | 288 | 843 | 789 | 322 |
| 5 | सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया | 591 | 574 | 358 | 124 | 129 |
| 6 | इंडियन बैंक | 991 | 1,206 | 919 | 579 | 277 |
| 7 | इंडियन ओवरसीज बैंक | 724 | 519 | 944 | 343 | 123 |
| 8 | पंजाब एंड सिंध बैंक | 18 | 15 | 13 | 12 | 5 |
| 9 | पंजाब नेशनल बैंक | 968 | 941 | 893 | 733 | 431 |
| 10 | स्टेट बैंक ऑफ इंडिया | 728 | 544 | 372 | 382 | 336 |
| 11 | यूको बैंक | 89 | 111 | 97 | 28 | 21 |
| 12 | यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 503 | 564 | 637 | 644 | 336 |
| | **कुल** | **5359** | **5298** | **5447** | **4014** | **2337** |

**अनुलग्नक-III**

**25.02.2025 से 31.01.2026 तक पीएम विद्यालक्ष्मी पोर्टल पर मिली शिकायतों का राज्य-वार डेटा**

| क्र. सं. | राज्यों | प्राप्त हुआ | समाधान किया गया | लंबित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 15 | 15 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 1033 | 974 | 59 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 15 | 15 | 0 |
| 4 | असम | 287 | 277 | 10 |
| 5 | बिहार | 1767 | 1665 | 102 |
| 6 | चंडीगढ़ | 24 | 19 | 5 |
| 7 | छत्तीसगढ | 189 | 176 | 13 |
| 8 | दिल्ली | 1025 | 955 | 70 |
| 9 | गोवा | 59 | 58 | 1 |
| 10 | गुजरात | 555 | 486 | 69 |
| 11 | हरियाणा | 825 | 780 | 45 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 100 | 97 | 3 |
| 13 | जम्मू और कश्मीर | 176 | 173 | 3 |
| 14 | झारखंड | 700 | 657 | 43 |
| 15 | कर्नाटक | 2196 | 2061 | 135 |
| 16 | केरल | 966 | 897 | 69 |
| 17 | लद्दाख | 4 | 4 | 0 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 1131 | 1075 | 56 |
| 19 | महाराष्ट्र | 2533 | 2348 | 185 |
| 20 | मणिपुर | 30 | 28 | 2 |
| 21 | मेघालय | 28 | 27 | 1 |
| 22 | मिजोरम | 2 | 2 | 0 |
| 23 | नागालैंड | 35 | 31 | 4 |
| 24 | ओडिशा | 549 | 527 | 22 |
| 25 | पुदुचेरी | 28 | 26 | 2 |
| 26 | पंजाब | 299 | 283 | 16 |
| 27 | राजस्थान | 998 | 930 | 68 |
| 28 | सिक्किम | 9 | 9 | 0 |
| 29 | तमिलनाडु | 1954 | 1744 | 210 |
| 30 | तेलंगाना | 792 | 748 | 44 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 9 | 8 | 1 |
| 32 | त्रिपुरा | 48 | 46 | 2 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 3263 | 3054 | 209 |
| 34 | उत्तराखंड | 278 | 260 | 18 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 841 | 795 | 46 |
| 36 | तकनीकी खराबी के कारण उपलब्ध नहीं है | 2893 | 2893 | 0 |
| | **कुल** | **25656** | **24143** | **1513** |